FORM NO. III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत सहायक कलेक्टर एवं उप खण्ड अधिकारी, पाली मुकाम पाली

प्रार्थीः–

सरकार जरिए तहसीलदार, पाली

बनाम अप्रार्थीगणः–

आम तमाम

किस्म मुकदमा– राजस्व ~~मि०~~ मु.नं. 43 /2019

अंतर्गत धारा 136 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956,

तारीख हुकम	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नबर व तारीख जो इस हुक्म की तामील में जारी हुई।
16.9.19	तहसीलदार पाली द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा 136 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 के तहत ग्राम बल्दो की ढाणी के खसरा नम्बर 388 का राजस्व रेकर्ड लट्ठा नक्शे के अनुरूप तरमीम हेतु पेश किया। जिसमें राजस्व ग्राम बल्दो की ढाणी तहसील पाली के खसरा नम्बर 388 रकबा 10.09 बीघा भूमि सरकारी खाते में है तथा खसरा नम्बर 683/388 रकबा 10.00 बीघा भूमि खातेदारी खाते मे है। जिस बाबत जमाबन्दी संवत् 2073 से 2076 की नकले खाता नम्बर 1 की सरकारी भुमि की एवं खाता नम्बर 112 खातेदारी भूमि की प्रस्तुत है। इस ग्राम मे खसरा नम्बर 388 के एक बट्टा नम्बर 683/388 हुआ। इस प्रकार इस खसरो के कुल दो भाग बने है। खसरा नम्बर 683/388 रकबा 10 बीघा भुमि के वर्तमान खाता के अनुसार राजस्व रेकर्ड में संवत् 2073 से 2076 के खाता नम्बर 112 में नरपतसिंह पुत्र बद्रीसिंह जाति राजपुहित निवासी जवाहरनगर पाली हि. 1/4, अर्जुनसिंह पुत्र मदनसिंह जाति राजपुहित सा. शिवनगर मंडिया रोड पाली हि. 21/200, उकारंहसिंह बी पुत्र श्री भोपालसिंह जाति राजपुहित निवासी धर्मधारी तहसील रोहट हि. 18/200, कैलाशसिंह पुत्र भीमसिंह जाति राजपुरोहित नि. धर्मधारी तहसील रोहट हि. 5/200, राजुदेवी पत्नी भरतसिंह जाति राजपुरोहित नि. पांचडोलिया तहसील मेडता हि. 3/200, शारदा पत्नी बागसिंह जाति राजपुहित नि. बिति वाया किशनगढ़ जिला अजमेर हि. 3/200, देवाराम पुत्र सुजाराम जाति कुमावत निवासी रजतनगर रामदेवरोड़ पाली हिस्सा 1/12, ढगलाराम पुत्र भोमाराम जाति कुमावत सा. 109 रामदेव रोड पाली हि. 1/12, इन्द्रमल पुत्र केशरीमल जाति सोनी 30 छोटी ब्रहमपुरी पाली हि. 1/12, शान्तिदेवी पत्नी ढगलाराम कुमावत निवासी 109 रामदेव रोड़ पाली हि. 1/12, पुष्पादेवी पत्नी इन्द्रमल जाति सोनी सा. 30 छोटी ब्रहमपुरी पाली हि. 1/12, सरोजदेवी पत्नी सोहनलाल चान्दोरा जाति कुमावत निवासी 442, महात्मा गांधी कालोनी रामदेव रोड पाली हिस्सा 1/12 खातेदार दर्ज है जो राजस्व रेकर्ड के अनुसार इस प्रकरण में फोर्मल पक्षकार है इनके हितो पर इस प्रकरण से कोई प्रभाव नही होगा। अतः इन्हे सुना जाना आवश्यक नहीं है। एवं खसरा नम्बर 388 रकबा 10.09 बीघा भूमि सरकारी खाते मे चालु पड़त की भुमि दर्ज है। इस प्रकार इस भूमि मे कुल दो खसरे ही राजस्व रेकर्ड जमाबंदी मे दर्ज है। पटवारी हल्का के नक्शा	

सहायक कलेक्टर
पाली (राज.)

Scanned by CamScanner

ट्रेस की नकल एवं रिपोर्ट 03.05.2019 के अनुसार उक्त भुमि मौके पर तीन भागो में है। इस प्रकार सरकारी भूमि खसरा नम्बर 388 रकबा 10.09 बीघा के दो भाग है जिसमें एक भाग ए मार्क स्थल पर 5.11 बीघा तथा बी मार्क स्थल पर 4.18 बीघा बने हुये है।

वर्तमान में तरमीम कार्य चल रहा है जिस बाबत पटवारी पुनायता द्वारा इस रिपोर्ट 03.05.19 को पेश कर यह स्थिति अवगत कराई गई है। अतः बल्दो की ढाणी के खसरा नम्बर 388 रकबा 10.09 बीघा भुमि को दो भागों में खसरा नम्बर 388 रकबा 5.11 बीघा एवं खसरा नम्बर 388/1 रकबा 4.18 बीघा को विभक्त करने की घोषणा कर नक्शा ट्रेस मे सही स्थिति की तरमीम करवाने की कार्यवाही की जाने हेतु प्रस्तुत किया है जो दर्ज रजिस्टर किया जाकर पत्रावली का ध्यानपूर्वक अवलोकन एवं मनन करने के पश्चात् ग्राम बलदों की ढाणी तहसील पाली के खसरा नम्बर 388 रकबा 10.09 बीघा भुमि को दो भागों में खसरा नम्बर 388 रकबा 4.18 बीघा एवं खसरा नम्बर 388/1 रकबा 5.11 बीघा में विभक्त करते हुए नक्शा ट्रेस मे सही स्थिति तरमीम किये जाने का आदेश दिया जाता है।

आदेश की प्रति मय प्रार्थना पत्र के साथ प्राप्त पेश नजरी नक्शे की प्रति तहसीलदार, पाली को पालनार्थ भिजवाई जावे। पत्रावली फैसल मे शुमार होकर नम्बर से कम हो।

1211
17.09.2019
निर्णय ...

सहायक कलेक्टर
पाली (राज.)

Scanned by CamScanner